शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी

हो तुम से मिल के बदल गई मेरी ज़िंदगानी,
शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी,
संग तू है तो लगती है दुनिया सुहानी,
शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी,

जब से जुड़े है मेरे प्रीत के धागे,
सोये नसीब मेरे तब से ही जागे,
सारी दुनिया ही जाने है मेरी कहानी,
शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी,

भटके रहा था मैं इधर उधर ही,
अपना बना के तूने मेरी कदर की,
मेरी कीमत है क्या बस तू ने ही जानी,
शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी,

आंखो मे मेरे कभी आंसू जो आये,
पास ही पाया तुझे हम मुस्काये,
संग छूटे न तेरा मेरा शिरडी के स्वामी,
शिरडी वाले साई तेरी मेहरबानी,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6667/title/shirdi-vale-sai-teri-meharbani-ho-tum-se-mil-ke-badal-gai-meri-zindgani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |